तापमान

अधिकतम 23.2 डिग्री

न्यूनतम 11.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 21 जनवरी 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा



4

सूखी नदी की रेतीली जमीन पर हरी मोती चुन रहे किसान, चमक रही किस्मत




## खबर संक्षेप

### परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 21 जनवरी को शाम 3 बजे से आयोजित की गई है। अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा बैठक में समस्त सदस्य बैंकों के शाखा प्रबंधक, बैंक अधिकारियों एवं संबंधित शासकीय विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया गया है। बैठक में निर्धारित एजेंण्डानुसार समीक्षा एवं चर्चा की जाएगी।

### ग्रामीण ने कराई रिपोर्ट दर्ज तो रिश्तेदार ने की मारपीट

**अम्बिकापुर।** थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने से नाराज हुए रिश्तेदार ने ग्रामीण की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बंजा शारदापारा निवासी रामशरिमन साहू ने पुलिया चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रविवार को पुत्र के साथ आलू बाड़ी में पानी पटाने गए थे तभी चचेरा भाई संजय, राजेश व चाचा भगवान दास मौके पर पहुंचे और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात को लेकर विवाद करना शुरू कर दिया। जिस पर पिता-पुत्र वापस घर आ गए। शाम को तीन पुनः उसके घर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराने की बात को लेकर विवाद करने के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख परिजन ने बीच बचाव किया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 331 (2), 296(बी), 351(3), 115(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने की बस हादसे के घायलों से मुलाकात

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर हुए भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मरीजों से मिलने सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने हादसे में घायल ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना व उनके उपचार की स्थिति की जानकारी ली। वहीं बलरामपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव ने भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल व बलरामपुर जिला अस्पताल में पहुंचकर घायलों से उनका कुशलक्षेम जाना। मेडिकल कॉलेज में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने स्वास्थ्य कर्मियों को कहा कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न रहे तथा गंभीर रूप से घायल मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। तथा उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में मानवता और संवेदनशीलता सर्वोपरि है, और प्रत्येक घायल तक हरसंभव सहायता पहुंचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### बिजली बिल घोटाले में चार साल बाद एक आरोपी बंदी

**सीतापुर।** चार साल पहले बिजली विभाग में हुए बहुचर्चित बिजली बिल घोटाले में पांच में से एक आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। शेष बचे चार आरोपी आज भी पुलिस कि गिरफ्त से बाहर है और चैन की नींद सो रहे है। इस बहुचर्चित बिजली घोटाले में लगभग तीन करोड़ रुपए की गड़बड़ी की गई थी। विदित हो कि बिजली विभाग में सन 2019 से 2021 तक विद्युत वितरण केंद्र सीतापुर पेटला एवं मैनपाट में बिजली बिल में हेराफेरी करते हुए करोड़ो के घोटाले को अंजाम दिया गया था। विगत दो सालों में बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने मिलकर बिजली बिल के आड़ में 2 करोड़ 94 लाख 29 हजार 4 सौ 82 रुपये का घोटाला किया था। इस बात की भनक जब उच्चाधिकारियों को हुई तब उन्होंने इस घोटाले के विरुद्ध विभागीय जांच कराई।

### ग्राम पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा

# लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने सक्रिय रूप से करें कार्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने सभी योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार एवं सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों का सतत रूप से भ्रमण कर शासकीय योजनाओं के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही सक्रिय रूप से कार्य करें, ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा आम नागरिकों को इसके लाभों की समुचित जानकारी देने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना से जुड़ सकें। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने ओडीएफ प्लस मॉडल, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, गांवों में कचरा संग्रहण व्यवस्था, हाट-बाजारों की नियमित साफ-सफाई, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तथा स्वच्छता श्रमदान की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बचे हुए रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों की भर्ती शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों एवं शौचालयों के निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राशन कार्ड, पेंशन योजनाओं एवं महतारी वंदन योजना के ऐसे हितग्राहियों, जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम संबंधित अभिलेखों से शीघ्र हटाए जाएं। साथ ही उन्होंने संदिग्ध राशन कार्डों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जिसमें जांच, डुप्लीकेट कार्ड रद्द करना, और अपात्र लोगों के नाम हटाना शामिल है, ताकि केवल वास्तविक और जरूरतमंद लोगों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। राष्ट्रीय आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने स्व-सहायता समूहों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने, लंबित बैंक लिंकेज कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को ऋण वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। साथ ही पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने को कहा, जिससे महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित समस्त राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू मौजूद रहे। बैठक में आधार एवं मोबाइल नंबर अद्यतन, किसान किताब प्रविष्टि, अविवादित एवं फौती नामांतरण, नक्शा अद्यतन, बटांकन, सीमांकन, ई-नामांतरण, स्वामित्व योजना, अभिलेख दुरुस्तीकरण, अभिलेख शुद्धता एवं व्यपर्वतन तथा राजस्व न्यायालय से संबंधित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी राजस्व प्रकरणों का नियमानुसार शत-प्रतिशत निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें।

### लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को धान खरीदी प्रक्रिया का सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के साथ ही धान की अवैध खरीदी-बिक्री एवं अनधिकृत परिवहन पर सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि आरबीसी 6-4 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की तेजी से निराकृत करें, ताकि प्रभावितों एवं पीड़ितों को समय पर मुआवजा राशि मिल सके। इस अवसर पर सभी विकासखंडों के एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

## झारखंड के गौ तस्करों को पुलिस ने पकड़ा 6 गौवंश मुक्त, 2 पिकअप जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस ने गौ तस्करी के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत एक और बड़ी सफलता दर्ज की है। थाना लोदाम क्षेत्र के ग्राम पोड़ी के पास तड़के नाकेबंदी के दौरान दो पिकअप वाहनों में गौवंशों की तस्करी कर रहे चार आरोपियों को धर दबोचा गया। कार्रवाई में 6 नग गौवंश सकुशल बरामद किए गए हैं।



मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 4:30 बजे मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली कि झारखंड नंबर की दो पिकअप से गौवंशों को ग्रामीण मार्ग से ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए ग्राम पोड़ी में नाकेबंदी की। संदिग्ध वाहन आते ही घेराबंदी कर दोनों पिकअप रोकी गईं। वाहन क्रमांक जेएच-09-एएस-3683 एवं जेएच-01-एन-1797 प्रत्येक पिकअप में 3-3 गौवंश, रस्सियों से बंधे हुए थे। गिरफ्तार आरोपी साहेब अंसारी उम्र 45वर्ष ग्राम बसिया रोड सिसई, थाना सिसई, जिला गुमला झारखंड,रुस्तम अंसारी उम्र 26 वर्ष ग्राम बघनी, सिसई, जिला गुमला झारखंड,मुकेश कुमार साहू उम्र 35 वर्ष ग्राम भदौली, सिसई, जिला गुमला झारखंड,कार्तिक लोहारा उम्र 29 वर्ष ग्राम भदौली, सिसई, जिला गुमला झारखंड से जब मवेशियों के संबंध में वैध कागजात की मांग की गई तो आरोपियों ने पुलिस को कोई वैध कागजात नहीं दिखा पाए। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना लोदाम में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(क), 11(1)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों पिकअप जब्त कर 06 गौवंश सुरक्षित किए गए,सभी का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### सोमवार को खेला गया फायनल मुकाबला

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही एनईएस कालेज की टीम



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा परिक्षेत्र स्तरीय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनईएस महाविद्यालय केखेल मैदान में सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पिछले बार की विजेता रही सरस्वती महाविद्यालय, अंबिकापुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन दोहराते हुए खिताब अपने नाम किया। मेजबान एनईएस कॉलेज की टीम दूसरे स्थान पर रही। एनईएस कालेज को पहली बार उपविजेता का पुरस्कार प्राप्त करने में सफलता मिली है।

स्पर्धा में सरगुजा संभाग के पांच कालेज की टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन मुकाबला मेजबान एनईएस कालेज एवं शासकीय बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय, कुनकुरी के मध्य खेला गया, जिसमें मेजबान ⏭ शेष पेज 4 पर

### जीत और हर दोनों खेल के अभिन्न अंगः अमरेंद्र

स्पर्धा के उद्घाटन अवसर पर एनईएस कालेज के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं बल्कि यह जीवन में अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और संघर्षशीलता का भी निर्माण करते हैं। प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए डा. अमरेंद्र ने कहा कि जीत और हार दोनों ही खेल के अभिन्न अंग हैं। जीत हमें आत्मविश्वास, संयम और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। समापन समारोह में डा अमरेंद्र ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया।

### आयोजन में इनकी रही भूमिका


स्पर्धा के सफल संचालन में ऑब्जर्बर क्रीड़ा अधिकारी राजू राज कुजूर, चयन समिति एवं निर्णायक मंडल में अतिथि क्रीड़ा अधिकारी विवेकानंद केविएस के पीईटीए नवीन कुमार, व्यायाम शिक्षक विमल लकड़ा और हाकी कोच सुप्रिया तिग्गा ने सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. डा. यूएन लकड़ा, डॉ. जेपी कुजूर, प्रो. एसईजी लकड़ा, प्रो. कीर्ति किरण केरकेट्टा, प्रो. रिजवाना खातून, प्रो. प्रवीण सतपति, डॉ. हरिकेश कुमार, अंजिता कुजूर, प्रिंसी कुजूर, लाइजन मिंज, वरुण श्रीवास, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार बीआर भारद्वाज सहित महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक गौतम कुमार सूर्यवंशी ने किया। मंगलवार को विवि व राज्य टीम में चयन के लिए ट्रायल खेल का आयोजन किया गया।

## पुलिस की दोहरी कार्रवाई, 230 क्विंटल अवैध धान जब्त

**जशपुरनगर।** धान खरीदी के मौजूदा सीजन में सरहदी इलाकों से अवैध रूप से धान लाकर छत्तीसगढ़ में खपाने की कोशिशों पर जशपुर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। इसी कड़ी में थाना लोदाम क्षेत्र में पुलिस ने एक ही दिन में दो अलग-अलग स्थानों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर और एक ट्रक को पकड़ा। दोनों वाहनों से कुल 515 बोरियों में भरा 230 क्विंटल धान जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 29 हजार रुपए है। जब्त सामग्री को नियमानुसार आगे की कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन के सुपुर्द कर दिया गया है।

19 जनवरी 2026 की सुबह करीब 10.30 बजे, लोदाम पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भलमंडा चौक के पास एक संदिग्ध ट्रैक्टर अवैध धान लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-14-एमआर -7224 को रोका। तलाशी लेने पर ट्रैक्टर में 65 बोरियों में 30 क्विंटल धान मिला। पूछताछ में चालक ने अपना नाम सत्यमूर्ति तिर्की उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम भलमंडा बताया और धान को झारखंड के कीतम से लाकर जशपुर के ग्राम बोडोकछार ले जाने की बात कही। धान से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने ट्रैक्टर सहित धान जब्त कर लिया।





### लगातार कार्रवाई से टूटी सप्लाई चेन

जशपुर पुलिस के अनुसार, सरहदी क्षेत्रों से अवैध धान परिवहन रोकने के लिए पिछले कुछ समय में 45 से अधिक प्रकरणों में 2600 क्विंटल से अधिक धान पकड़ा जा चुका है। यह कार्रवाई बिचौलियों की सप्लाई चेन पर सीधी चोट मानी जा रही है।

### रात की घेराबंदी साईं टांगर टोली में ट्रक पकड़ा

इसी दिन रात्रि लगभग 8.30 बजे, लोदाम पुलिस को दूसरी सूचना मिली कि ग्राम साईं टांगर टोली के पास एक ट्रक भारी मात्रा में धान लेकर गुजर रहा है। सूचना पर त्वरित घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक सीजी- 04-एमसी - 5664 को रोका गया। तलाशी में ट्रक से 450 बोरियों में 200 क्विंटल धान बरामद हुआ। ट्रक चालक बबन सिंह उम्र 53 वर्ष, निवासी ग्राम केमडे, थाना रातु, जिला रांची झारखंड ने धान को रांची निवासी दिवाकर सिंह का बताया, लेकिन कागजात शून्य पाए गए। प्राथमिक जांच में धान को उपार्जन केंद्र में खपाने का संदेह सामने आने पर पूरा माल जब्त कर लिया गया।

### भाजपा के पूर्व महामंत्री ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने हर साल की तरह इस साल भी अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए कोरवा परिवार के सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया। ठंड के इस मौसम में कंबल पाकर कोरवा परिवारों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलकती नजर आई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने कृष्ण कुमार राय को अपने बीच पाकर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और उनका स्वागत किया। कंबल वितरण के दौरान कृष्ण कुमार राय ने कहा कि कोरवा समाज सहित सभी वंचित वर्गों की सेवा करना उनका नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के जीवन में थोड़ी सी भी राहत और मुस्कान लाना ही इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम रेमने एवं पण्डरसिली के स्थानीय ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूरा माहौल सेवा, संवेदना और अपनत्व से भरा नजर आया।

### सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता की पंजीयन तिथि संशोधित, पंजीयन प्रक्रिया 25 जनवरी तक

**जशपुरनगर।** संचालनायलय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर के माध्यम से सरगुजा ओलम्पिक खेल की पंजीयन पूर्व में 28 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ हो चुका है। सर्व प्रथम प्रतियोगियों को आनलाईन अथवा आफलाईन पंजीयन 25 जनवरी 2026 तक कराये जाने हैं । प्रतियोगिता तीन चरण में विकासखण्ड स्तरीय, जिला स्तरीय, एवं संभाग स्तरीय आयोजित की जायेगी। विकासखण्ड स्तर पर पंजीयन लिंक में अथवा ऑफलाईन विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय, जनपद कार्यालय, नगर पंचायत अथवा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालय के माध्यम से किया जा सकेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। खेल में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी के लिए हर गांव हर युवा की भागीदारी हो इसलिए पंजीयन बहुतायत संख्या में कराने होंगे। पंजीयन तिथि में संशोधित किया गया है। जिसके अनुसार पंजीयन प्रक्रिया 28 दिसम्बर 2024 से 25 जनवरी 2026 तक निर्धारित है। इसी प्रकार विकासखण्ड स्तरीय आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक, जिला स्तरीय आयोजन 5 फरवरी से 10 फरवरी तक तथा संभाग स्तरीय आयोजन 1 मार्च से 3 मार्च तक होगा। विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि आयोजन तिथियां सांकेतिक है इसमें परिस्थिति अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग छ.ग. की अनुमति उपरांत परिवर्तनीय हो सकेगी। विकासखण्ड स्तर पर खेलों का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों द्वारा किया जायेगा।

### जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं में दिखा उत्साह, पटाखे फोड़कर मनाई खुशियां

## नितिन नबीन की नियुक्ति पर जशपुर में जश्न, पार्टी के नेताओं ने जताई खुशी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के प्रभारी एवं बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर जशपुर जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर जशपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी मनाई।

पार्टी नेताओं ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना संगठन की मजबूती और कार्यकर्ता आधारित राजनीति की जीत है। उनके नेतृत्व में भाजपा देशभर में और अधिक सशक्त होकर जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। कृष्ण कुमार राय ने कहा कि नितिन नबीन का छत्तीसगढ़ प्रभारी के रूप में कार्यकाल अत्यंत सफल और प्रेरणादायी रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि जिले के सभी कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक निर्णय से अत्यंत उत्साहित हैं। नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पार्टी की संगठनात्मक शक्ति और अनुशासन का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को और दृढ़ता से आगे बढ़ाएगी।



### संगठन के प्रति समर्पित नेताः जूदेव

पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि नितिन नबीन एक अनुभवी, दूरदर्शी और संगठन के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित नेता हैं। उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना भाजपा के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

### प्रभावी ढंग से कार्य करेगी पार्टीः भगत

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि यह नियुक्ति पूरे भाजपा परिवार के लिए गर्व का विषय है। नितिन नबीन के नेतृत्व में पार्टी गरीब, किसान, महिला और आदिवासी समाज के कल्याण के लिए और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करेगी।

### लंबा संगठनात्मक अनुभवः साय

पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने कहा कि नितिन नबीन का लंबा संगठनात्मक अनुभव और कार्यशैली भाजपा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। इससे कार्यकर्ताओं में नया जोश और आत्मविश्वास पैदा हुआ है।

### संकल्प और मजबूतः सालिक

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक सायने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना आदिवासी एवं ग्रामीण अंचलों के विकास को भी नई दिशा देगा। उनके नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का संकल्प और मजबूत होगा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बलरामपुर जिला संगठन प्रभारी ओमप्रकाश सिन्हा, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद अध्यक्ष गंगा राम भगत, संतोष सिंह, मुकेश सोनी, शरद चौरसिया, पिंटू गोस्वामी, रागिनी भगत, सुधीर पाठक, रविन्द्र पाठक, विनोद निकुंज, विजय सहाय, राजा सोनी, आकाश गुप्ता, दीपक गुप्ता, सज्जू खान, नीतीश गुप्ता, राहुल गुप्ता, नागेंद्र भगत सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी केंद्र सलका अघिना में भौतिक सत्यापन करने पहुंची टीम

**सलका अघिना।** कलेक्टर ने अधिकारियों को धान खरीदी केंद्रों में सतत निगरानी रखने तथा शासन की निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि धान खरीदी की अवधि समाप्त होने में अब कुछ दिन शेष हैं। ऐसे में छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी सुनिश्चित की जाए। जिन किसानों का टोकन कट गया है या धान विक्रय नहीं किया है ऐसे खातों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज धान खरीद केंद्र सलका अघिना में राजस्व विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा खरीदी केंद्र में भौतिक सत्यापन किया। टीम ने समितियों में स्टॉक रजिस्टर और स्टॉक की गहन जांच की। जांच की कार्रवाई शाम तक जारी रहा। अब जांच के बाद वस्तु स्थिति का आकलन हो सकेगा कि समिति में संग्रहित धन अपने स्टॉक के अनुरूप है या नहीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चांदनी कंवर, तहसीलदार शिवनारायण राठिया, नायब तहसीलदार नीलिमा लकड़ा, खाद्य विभाग से अतुल गुप्ता, राजस्व निरीक्षक धनसाय नागेश, हल्का पटवारी राजीव लोचन, प्रकाश सिंह, सुशील, अरुण खेस, ओम नारायण, सुषमा सिंह, शारदा नाग, अर्चना निरंकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर विद्यालय में हुआ सेमिनार



**अम्बिकापुर।** माउंट लिट्रा स्कूल संजय नगर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय पर जीवन अनमोल है संदेश पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, बढ़ते मानसिक तनाव, के कारणों, लक्षणों तथा समाधान के उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए जिसमे ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, रविन्द्र गुप्ता, श्रीमती सुनीता भारद्वाज, श्रीमती रश्मित कौर, श्रीमती नूतन विश्वास, श्रीमती शिल्पा पांडेय शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न वास्तविक मामलों पर चर्चा करते हुए संदेश दिया कि समय पर समझ और सहयोग से कई जीवन बचाए जा सकते हैं। सेमिनार के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न वास्तविक मामलों पर चर्चा की गई। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे ध्यान और उत्साह के साथ सहभागिता की। प्रश्नोत्तर सत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी ने विषय के प्रति उनकी गंभीर रुचि को दर्शाया।

### कौशल्या देवी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज आज से

**अम्बिकापुर।** चलेंजर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में स्वर्गीय कौशल्या देवी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 21 जनवरी से 12 बजे स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर होगा। उद्घाटन समारोह में पत्रकार 11 बनाम नागरिक 11 के बीच शो मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया है। विजेता को 1 लाख 11 हजार 111 रुपये तथा उपविजेता को 55 हजार 555 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर व मैन ऑफ द टूर्नामेंट सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। क्लब अध्यक्ष ने बताया कि टूर्नामेंट लीग व नॉकआउट फॉर्मेट में होगा।

### जनपद सदस्य ने दिव्यांग दंपती को वितरण किया कंबल व ट्राइसिकल



**सोनगरा।** कड़ाके की ठंड के बीच जनपद सदस्य दिल भरन राम ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ग्राम बगड़ा निवासी दिव्यांग दंपति की सहायता की। नेत्र से दिव्यांग रूदानी बाई, पत्नी संत राम पंडो को ठंड से बचाव हेतु कंबल प्रदान किया गया, जिससे उन्हें राहत मिली। कुछ दिन पूर्व पैर से दिव्यांग संत राम पंडो को जिला कार्यालय से ट्राइसिकल लाकर प्रदान की गई। इस सहयोग से संत राम की दैनिक जीवन की कठिनाइयों में कमी आई और आत्मनिर्भरता की दिशा में उन्हें नया सहारा मिला।

### स्कूली बच्चों को सिखाए कानून के पाठ

**सूरजपुर।** अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक वृहद कानूनी जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद प्रकाश वारियाल जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय ने की। उन्होंने छात्रों को सरल भाषा में कानून की बारीकियों से अवगत कराया।

### प्रशासन की संयुक्त टीम ने जगतपुर स्थित गुड़ फैक्ट्री को किया सील

# अवैध गुड़ फैक्ट्री को लेकर जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

जिले में कई गुड़ उद्योग कानून को दरकिनार कर खुलेआम संचालित हो रहे हैं। क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योगों की वैधता को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सीमावर्ती क्षेत्र में लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योगों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जगतपुर स्थित एक अवैध गुड़ फैक्ट्री को सील किया गया। प्रशासनिक टीम के दबिश के बाद अवैध गुड़ उद्योग चलाने वालों में हड़कंप मच गया।

**खास बात**
- कार्रवाई से अवैध गुड़ उद्योग संचालकों में मचा हड़कंप

क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योग फैक्टरी के संचालन की शिकायतों के बाद अब प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित गुड़ उद्योगों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जगतपुर स्थित एक अवैध गुड़ फैक्ट्री को सील किया गया। हालांकि इस कार्रवाई को लेकर जहां आमजन और किसानों में उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि माह दिसंबर में कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा आदेश जारी कर जिले के सभी गुड़ उद्योग संचालकों से निर्धारित प्रारूप में जानकारी मांगी गई थी। बावजूद इसके कई उद्योग संचालकों ने न तो समय पर जानकारी दी और न ही वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद भी इन उद्योगों का संचालन निर्बाध रूप से जारी रहा। प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना करते हुए कुछ उद्योग संचालकों का मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ है कि वे जिला प्रशासन के निर्देशों को भी नजरअंदाज कर गुड फैक्ट्री का संचालन कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर गत दिन प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जगतपुर स्थित एक अवैध गुड़ फैक्ट्री का निरीक्षण किया तथा दस्तावेज की मांग की लेकिन किसी प्रकार के वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने से गुड फैक्ट्री को सील किया गया। इस कार्रवाई में राजस्व विभाग, श्रम विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग तथा मंडी विभाग के अधिकारी शामिल रहे।



अवैध गुड़ फैक्ट्री का निरीक्षण करते अधिकारी।

#### किसानों ने की कार्रवाई की मांग

जिले में कई गुड़ उद्योग बिना वैध दस्तावेजों के रात के अंधेरे में किसानों से गन्ना उठाकर संचालन कर रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन केवल एक-दो उद्योगों पर नहीं, बल्कि सभी अवैध गुड़ उद्योगों पर एक समान, सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई करे जिससे अवैध गुड फैक्ट्री संचालन पर अंकुश लगाया जा सके।

#### पहुंचा रहे दोहरा नुकसान

सूत्रों के अनुसार जिले में कुछ ऐसे गुड़ उद्योग संचालक भी सक्रिय हैं जो बिना किसी वैध अनुमति के उद्योग संचालन के साथ-साथ अन्य राज्यों में गन्ने की अवैध आपूर्ति कर रहे हैं। इससे एक ओर स्थानीय किसानों को नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर शासन को राजस्व क्षति भी उठानी पड़ रही है। जगतपुर में हुई सीलिंग कार्रवाई को लेकर यह चर्चा तेज है कि क्या यह पारदर्शिता की मिसाल बनेगी या फिर सीमित कार्रवाई तक सिमट कर रह जाएगी।

#### लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़

कार्रवाई के बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि कई गुड़ उद्योग रिहायशी इलाकों के बीच धुआं उगल रहे हैं। बीच बस्ती में धुआं उगलते गुड़ उद्योग से आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार गुड़ निर्माण में ईंधन के रूप में पुराने प्लास्टिक और पीपी बैग जलाए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है। विशेषज्ञों के मुताबिक प्लास्टिक के जलने से निकलने वाली विषैली गैस से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकती हैं।



## श्रमिक संगठन की क्रमिक भूख हड़ताल अब भी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बलरामपुर एवं कुमदा कोल खदानों को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर एचएमएस श्रमिक संगठन द्वारा किया जा रहा क्रमिक भूख हड़ताल आज चौथे दिन भी जारी रहा,क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय बिश्रामपुर के सामने चल रहे इस चौथे दिन की भूख हड़ताल में लखनलाल कुर्रे, विजय कुमार, सुल्तान खान, महेश राम एवं सुजीत कुमार क्रमिक उपवास पर बैठे रहे,आंदोलन स्थल पर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लगातार मौजूद रहकर श्रमिकों का मनोबल बढ़ा रहे हैं,एचएमएस संगठन का कहना है कि बलरामपुर खदान में लगभग 30 लाख टन कोयला भण्डार मौजूद होने के बावजूद खदान को बंद रखना अतार्किक और क्षेत्रहित के खिलाफ है,संगठन का आरोप है कि प्रबंधन की इस नीति से न केवल कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा,बल्कि बिश्रामपुर क्षेत्र की आर्थिक रीढ़ कमजोर हो जाएगी,खदान बंद होने की स्थिति में श्रमिकों की आजीविका पर संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है,साथ ही क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ेगी,स्थानीय व्यापार प्रभावित होगा और श्रमिकों को मजबूरी में अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे पारिवारिक व सामाजिक समस्याएं भी खड़ी होंगी,क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामाशीष पाल,महामंत्री देवेंद्र मिश्रा के साथ नरेंद्र सिंह चौहान,परमजीत सिंह,प्रेमचंद्र सिंह, अरविंद सिंह,सूर्यबली,सुदर्शन,विवेक यादव,विजय कुमार, रमेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं,एचएमएस नेतृत्व का कहना है कि यदि प्रबंधन ने शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन की गति को और तेज किया जाएगा।

## एसईसीएल सुरक्षा पखवाड़ा में बिश्रामपुर क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि, विभिन्न श्रेणियों में हासिल किए 20 पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर



कोयला खदानों में सुरक्षा,सतर्कता और बेहतर कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोल मुख्यालय के निर्देश पर 1 से 16 दिसंबर तक आयोजित सुरक्षा पखवाड़ा बिश्रामपुर क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुई है,बिश्रामपुर क्षेत्र ने अलग–अलग श्रेणियों में कुल 20 पुरस्कार अपने नाम किए,जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है,सुरक्षा पखवाड़े के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और मूल्यांकन में केतकी खदान ने अपने ग्रुप में ओवरऑल विजेता का खिताब हासिल किया है।

हासिल हुए प्रमुख उपलब्धियों में रेहर भूमिगत खदान को प्रथम पुरस्कार जनरल सेफ्टी कॉन्शसनेस एंड सेफ्टी परफॉर्मेंस,द्वितीय पुरस्कार सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान,गायत्री भूमिगत खदान को प्रथम पुरस्कार हाउसकीपिंग एवं पब्लिसिटी एंड प्रोपेगेंडा,प्रथम पुरस्कार विस्फोटक के भंडारण,परिवहन एवं उपयोग,द्वितीय पुरस्कार स्ट्राटा कंट्रोल एंड मॉनिटरिंग सिस्टम,केतकी ओपन कास्ट माइंस को प्रथम पुरस्कार ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम,द्वितीय पुरस्कार फेस मशीनरी,यूजी सबस्टेशन एवं मेंटेनेंस,ओवरऑल विजेता अपने ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आमगांव ओपन कास्ट माइंस द्वितीय पुरस्कार डस्ट सप्रेशन एंड ट्रीटमेंट,अमेरा ओपन कास्ट माइंस को द्वितीय पुरस्कार सर्वे,सुरक्षा संस्कृति के नाम शामिल हैं,बिश्रामपुर क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों की संयुक्त भागीदारी ने सुरक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया है,सुरक्षा पखवाड़े में मिली इस सफलता से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है।

## फेस केवाईसी लागू नहीं होने से हितग्राही हो रहे योजनाओं से वंचित

### कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर




कलेक्टर से चर्चा करते ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहम व अन्य।

नगर निगम क्षेत्र में केवाईसी-ई-केवाईसी की विफलता, फेस केवाईसी लागू न होने, राशन वितरण में गंभीर अनियमितताओं एवं महतारी वंदन योजना से पात्र महिलाओं को वंचित किए जाने के विरोध में नगर निगम के कांग्रेस पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्टर अजीत वसंत को ज्ञापन सौंपा।

**खास बात**
- कलेक्टर को वस्तुस्थिति से कराया अवगत

कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में हजारों गरीब और पात्र परिवारों का राशन केवल फिंगर केवाईसी के नाम पर रोका जा रहा है। बुजुर्गों की घिस चुकी उंगलियां, मेहनतकश श्रमिकों के खराब हाथ तथा महिलाओं के अंगूठों की पहचान मशीन द्वारा न हो पाने के कारण उन्हें पिछले दो महीनों से राशन नहीं मिल पा रहा है। इससे सैकड़ों परिवार भूख, कुपोषण और उधार के सहारे जीवन जीने को मजबूर हैं। कांग्रेस पार्षदों ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 5 वर्ष से कम आयु के मासूम बच्चों के नाम आधार कार्ड न होने के कारण राशन कार्ड से काट दिए गए हैं, जो बाल अधिकारों का खुला उल्लंघन है। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद फेस केवाईसी की सुविधा आज तक प्रारंभ नहीं की गई, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नगर निगम क्षेत्र के अनेक वार्डों में लगभग 3 प्रतिशत राशन कार्ड बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिए गए हैं। वहीं राशन दुकानों का संचालन भी अनियमित है।कभी दुकान बंद रहती है तो कभी मशीन खराब होने का बहाना बनाया जाता है। यह स्थिति खाद्य सुरक्षा अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। कांग्रेस पार्षदों ने बताया कि पिछले छह महीनों से राशन में चना वितरण पूरी तरह बंद रहा। इस माह जब वितरण शुरू किया गया तो केवल एक माह का चना दिया गया, जबकि शेष महीनों का बकाया अब भी रोका गया है। इसके अतिरिक्त ई-केवाईसी के अभाव में हजारों महिलाओं को महतारी वंदन योजना की राशि से वंचित कर दिया गया है, जिससे गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। कांग्रेस पार्षदों ने तत्काल फेस केवाईसी की सुविधा शुरू करने, बिना सूचना बंद किए गए राशन कार्डों को पुनः चालू करने, बकाया चना का पूर्ण वितरण कराने, सभी राशन दुकानों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने तथा महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं को शीघ्र लाभ देने की मांग की। कलेक्टर अजीत वसंत ने पूरे मामले की जांच कर सार्थक एवं शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। कांग्रेस पार्षदों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो वे हितग्राहियों के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान शंकर प्रजापति, पापिन्दर सिंह, हसन खान, बाबर इदरीसी, धर्मेंद्र ताम्रकार, मेराज रंगरेज (गुड्डू), विनोद एक्का, अख्तर फिरदौसी (चम्मा), लुकस एक्का, शुभम जायसवाल, मेघा खांडेकर मौजूद थे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई प्रथम बैठक

**भैयाथान।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की प्रथम बैठक सोमवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नवनिर्मित कांग्रेस कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने और बूथ–बूथ तक कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विद्यात्री सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस की ताकत उसकी एकजुटता में है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, जनसमस्याओं के साथ खड़े रहने और संगठन को मजबूती देने की दिशा में निरंतर कार्य करने की बात कही। जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अहम है। उन्होंने संगठन में सभी को समान महत्व देने और समन्वय के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह देव ने संगठन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि कुशल नेतृत्व व सामूहिक प्रयास से कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलेगी। बैठक में अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी संगठनात्मक विषयों पर अपने विचार रखे और कांग्रेस को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में अजय प्रताप सिंह, नूर आलम, संतोष सारथी, इंद्रावती राजवाड़े, राधा देवी, दुर्गा सारथी, शांतनु सिंह, आशीष प्रताप सिंह, राहुल सिंह, दिलीप जायसवाल, विनय पावले, अतुल पाटिल, उपेन्द्र सिंह, विष्णु गुप्ता, अमर सिंह, मनोहर रजवाड़े, रजमोहन राजवाड़े सहित बडी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत पड़ीपा एवं मसगा में मनरेगा बचाओ संग्राम को मिला जनसमर्थन

**प्रतापपुर।** मनरेगा योजना को बचाने और ग्रामीणों के रोजगार अधिकारों की रक्षा के लिए विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़ीपा एवं मसगा में मनरेगा बचाओ संग्राम का आयोजन किया गया। इस जन आंदोलन में बड़ी संख्या में मनरेगा मजदूर, ग्रामीण एवं कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए योजना को पूरी मजबूती से लागू करने की मांग की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह कोराम ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों के जीवन की रीढ़ है। यदि मनरेगा को कमजोर किया गया तो गांवों में बेरोजगारी, पलायन और भुखमरी बढ़ेगी। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि मनरेगा के तहत समय पर काम और मजदूरी मिलना मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है। सरकार को चाहिए कि वह राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराए।

### मकान निर्माण में हुआ कर्ज पटाने दिया वारदात को अंजाम

# बैंक से घर लौट रहे ग्रामीण से लूट का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर


बैंक से घर लौट रहे ग्रामीण से 30 हजार रुपए की लूट के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही लूट की रकम 24 हजार रुपए भी बरामद किया है। आरोपी ने अपने मकान निर्माण सहित अन्य कार्यों से हुए कर्ज को पटाने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

मणीपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मीपुर हुन्ड्रालता निवासी कईलाराम 16 जनवरी को जिला सहकारी बैंक से 30 हजार रुपए निकालकर अपने गमछे में बांधकर साइकिल के सामने टोकरी में रख दिया था और वापस लौट रहा था। इस दौरान शाम 4.30 बजे तेंदूपारा हुन्ड्रालता के समीप हेलमेट लगाए हुए बाइक सवार युवक ने ग्रामीण को रुकवाकर किसी मोनू के घर की जानकारी पूछने लगा और शादी विवाह के लिए लड़की खोजने की बात करते हुए ग्रामीण का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहा था। इसी बीच आरोपी साइकिल में रखे रुपए व पासबुक को लेकर अचानक ही भाग निकला। रुपए लेकर भाग रहे आरोपी का ग्रामीण ने शोर मचाते हुए पीछा भी किया इसी दौरान ग्रामीण के पड़ोसी ने बाइक से पीछा कर लुटेरे के बाइक का नंबर देख लिया। बैंक से निकाले गए 30 हजार रुपए की लूट के मामले में ग्रामीण ने बाइक क्रमांक सीजी 13 एएफ 8278 के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस घटना की सूचना के बाद पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर राजपुर बरियों के खजुरी मंदिरपारा निवासी 35 वर्षीय विकास गुप्ता आ. ऋषि कुमार गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मकान के निर्माण व अन्य कार्यों से हुए उधारी को पटाने के लिए उसने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी से 24 हजार रुपए नगद घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया है। इसके साथ ही आरोपी ने शेष रकम खर्च होने की बात कही है। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 304(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर सीपी तिवारी, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि रामचंद्र गुप्ता आरक्षक सत्येंद्र दुबे, उमाशंकर साहू,रामाशंकर यादव, अनिल सिंह सक्रिय रहे।



### विजय पैकरा के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

**शंकरगढ़।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर पुनः नियुक्त किए जाने पर विजय पैकरा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष केपी सिंहदेव ने कहा कि विजय पैकरा एक अनुभवी, जमीनी और संगठन के प्रति समर्पित नेता हैं। संगठन ने उन पर पुनः विश्वास जताया है, जो पूरी तरह उचित है। उनके नेतृत्व में शंकरगढ़ ब्लॉक में कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी। सभी कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय पैकरा ने कहा कि प्रदेश एवं जिला नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा। कार्यक्रम के दौरान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट के साथ संगठन हित में कार्य करने और कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का संकल्प लिया। सम्मान समारोह में अरुण गुप्ता, उम्मत रसूल, विवेक सिंहदेव, सत्यनारायण अग्रवाल, सीमु अग्रवाल, राजीव तिर्की, विनीता तिर्की, वंदना मिंज, मरियम तिर्की, राम शरण, हृदयानंद यादव, रामसुंदर, कृष्णा नाग, लेदू लकड़ा, अज्जू गुप्ता, शमीम, सरवर, मुकेश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अजय ने की एआई निर्मित फिल्म बाल तान्हाजी की घोषणा

**मुंबई।** अजय देवगन ने अपनी एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक एआई निर्मित फिल्म होगी। अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजीः द अनंसग' वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि, अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तान्हाजी' की घोषणा की है। 2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर' की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तान्हाजी' इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी।

लाइफ Style


# श्रद्धा

## मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने सोमवार को सोशल मीडिया पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। पोस्ट शेयर कर उन्होंने मजेदार कैप्शन लिखा है, जिस पर नेटिजन्स के रिएक्शन आ रहे हैं। श्रद्धा अपने सोशल मीडिया पोस्ट के साथ फनी कैप्शन लिखने के लिए जानी जाती हैं।

सोमवार को एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ। उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ ऐसी बात लिखी है कि उनके फैंस और नेटिजन्स हंसी नहीं रोक पा रहे। दरअसल, श्रद्धा कपूर आज सोमवार को रविवार का लुत्फ उठा रही हैं। रविवार मनाने की जगह श्रद्धा सोमवार को रविवार की छुट्टी मना रही थीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपनी दो फोटोज शेयर की हैं, जिनमें मैसी लुक में नजर आ रही हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'मेरा संडे आज है, क्या कर लोगे?' श्रद्धा कपूर के इस पोस्ट पर नेटिजन्स के कमेंट्स की झड़ी लग गई है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर हम स्त्री जी का क्या ही बिगाड़ लेंगे'। एक यूजर ने लिखा, 'हम भी संडे मना लेंगे, लेकिन आज वैसे मंडे ही है'। कुछ यूजर्स सवाल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'इतना एआई देख लिया कि अब सब एआई लगता है'। इस पर श्रद्धा ने जवाब दिया है, 'जब सब एआई है तो कुछ एआई नहीं है'। एक यूजर ने लिखा, 'आज मेरा फ्राईडे है'। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'आपने लाइफ क्रैक कर ली है। बधाई हो'। एक यूजर ने लिखा, 'उदयपुर आओ, बताता हूं'। श्रद्धा ने लिखा है, 'आ रही हूं।



हॉलीवुड मसाला




# टिमोथी से कर ली सीक्रेट शादी

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों काईली जेनर और टिमोथी चालमेट के रिश्ते को लेकर खूब चर्चा हो रही है। हाल ही में दोनों ने एक साथ गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में एक साथ शिरकत की। इस दौरान सभी की नजरें इस कपल पर ही आकर ठहरीं। वैसे भी दोनों अपने रिश्ते को जगजाहिर कर चुके हैं। हालांकि, अब खबरें आ रही हैं कि टिमोथी और काईली शादी के बंधन में बंध चुके हैं। दरअसल, हाल ही में जब दोनों स्टार्स गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में पहुंचे तो यहां पर दोनों ने एक दूसरे को किस किया और इसके बाद से दुनियाभर में इस कपल की चर्चा हुई।




# नए सस्पेंस और थ्रिल के साथ लौट रहीं जेंडाया...

**नई दिल्ली।** जिस वेब सीरीज ने जेंडाया को 2 एमी अवॉर्ड्स, एक क्रिटिक्स च्वॉइस अवॉर्ड और एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड दिलाया है, उस वेब सीरीज के नए सीजन से एक बार फिर हॉलीवुड एक्ट्रेस धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। हम बात कर रहे हैं टॉप रेटेड साइकोलॉजिकल ड्रामा यूफोरिया की जिसका नया सीजन जल्द ही रिलीज होने वाला है। चार साल बाद हॉलीवुड सीरीज यूफोरिया सीजन 3 रिलीज होने जा रहा है। यह एक साइकोलॉजिकल ड्रामा है जिसमें जेंडाया ने मुख्य भूमिका निभाई है। अब सीरीज में नए पहलू के साथ जेंडाया की वापसी हुई है। यूफोरिया सीजन 3 का ट्रेलर जारी किया गया है जो सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर है। सीजन 3 की कहानी जेंडाया और बाकी बच्चों के एडल्टहुड के इर्द-गिर्द घूमने वाली है।



# पुष्पा-2 हुई जापान में रिलीज, मिले तोहफे

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया।



# भगवान खाटू श्याम पर बन गई है फिल्म

**मुंबई।** नीम करोली बाबा पर एआई की मदद से कई भाषाओं में सीरीज बन रही है और इसी बीच भगवान खाटू श्याम पर एआई से पहली फिल्म बनाई गई है। सिंगर कन्हैया मित्तल ने इसे बनाया है और कुछ दिन पहले टीजर भी रिलीज किया था। सिंगर कन्हैया लाल मित्तल, 7 साल की उम्र से भजन गा रहे थे और भगवान खाटू श्याम को बहुत मानते हैं। इस फिल्म के जरिए खाटू श्याम भगवान की कथाओं के अलावा कई और चीजों के बारे में बताया जाएगा। दो हफ्ते पहले ही फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसका नाम 'जय जय बाबा श्याम' रखा गया है। खाटू श्याम भगवान पर बनी एआई फिल्म के जरिए यह बताना चाहते थे कि उनका पिछला जन्म कैसा था, उनका पुनर्जन्म, उनकी कथाएं और साथ ही ये कि क्यों खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है।

टीवी मसाला

# पता नहीं लौटूंगी या नहीं, नेहा ने अचानक काम से बनाई दूरी

**नई दिल्ली।** 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने फैंस को चौंका दिया है और उन्होंने घोषणा की है कि वो कुछ दिनों के लिए काम से ब्रेक ले रही हैं। इतना ही नहीं, नेहा ने अपनी पर्सनल लाइफ की दिक्कतों को लेकर भी हिंट दिया है और कहा कि वो रिश्तों से भी ब्रेक पर हैं। 'इंडियन आइडल' की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ ने अचानक फैंस को चौंका दिया है। अपने गाने 'कैंडी शॉप' को लेकर कुछ ही हफ्तों तक जमकर ट्रोलिंग और आलोचना झेलने के बाद नेहा कक्कड़ ने घोषणा की है कि वह कुछ समय के लिए लाइमलाइट से दूर रहेंगी। सिंगर ने बताया कि वह अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ, यहां तक कि 'रिश्तों' से भी ब्रेक ले रही हैं, और उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि वह वापसी करेंगी या नहीं। सोमवार को नेहा कक्कड़ ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर घोषणा की कि वह 'जिम्मेदारियों, रिश्तों और काम' से ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी में लिखा, 'अब जिम्मेदारियों, रिश्तों, काम और उन सभी चीजों से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने का समय है जिनके बारे में मैं अभी सोच सकती हूं। पता नहीं मैं वापस आऊंगी या नहीं। धन्यवाद। उन्होंने एक बार फिर पोस्ट करके पपाराजी से अनुरोध किया कि वे उनकी वीडियो न बनाएं। उन्होंने लिखा, 'मैं पपाराजी और फैंस से अनुरोध करती हूं कि वे मेरी वीडियो न बनाएं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरी निजता का सम्मान करेंगे और मुझे इस दुनिया में स्वतंत्र तरीके से जीने देंगे। कृपया कैमरे न लगाएं। मेरा आपसे अनुरोध है। मेरी शांति के लिए आप सब इतना तो कर ही सकते हैं।'



## जूनियर क्रिकेटर्स को धमकाते थे युवराज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए एपिसोड का झलक दिख चुकी है और इसमें क्रिकेटर्स वीरेंद्र सहवाग, मोहम्मद कैफ और युवराज सिंह नजर आने वाले हैं। तीनों ने अपनी जिंदगी के मजेदार किस्से सुनाए। युवराज सिंह और सहवाग की बातें तो आपको लोटपोट कर देंगी। ' कपिल ने युवराज सिंह और मोहम्मद कैफ के क्रिकेट सफर की भी तारीफ की। बाद में, कॉमेडियन ने युवराज से जूनियर क्रिकेटरों को धमकाने के आरोपों के बारे में पूछा। उन्होंने रोहित शर्मा का एक पुराना वीडियो दिखाया, जिसमें रोहित शर्मा युवराज से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बता रहे थे। यह वीडियो देखकर सब हंस पड़े। वीडियो में रोहित ने कहा, 'जब मैं पहली बार क्रिकेट बस में बैठा, तो मुझे नहीं पता था कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए सीटें तय होती हैं। मैं गलती से युवराज सिंह की सीट पर बैठ गया और उसने मुझे जो घूरकर देखा, वो क्या था! उसके बाद मैं कभी वहां नहीं बैठा।'



# एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आए सिद्धांत और मृणाल...

**मुंबई।** फिल्म 'दो दीवाने सहर में'का रोमांटिक टीजर रिलीज हो चुका है। इसके टीजर में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की लव केमिस्ट्री देखने को मिली। संजय लीला भंसाली के भंसाली प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज के बैनर तले बनी यह फिल्म इस वैलेंटाइन वीक पर रिलीज होगी। टीजर में मेकर्स ने दावा किया है कि इस बार प्यार के मौसम में इस 'इस्क' से 'इस्क' हो जाएगा। 'मॉम' जैसी फिल्म बना चुके निर्देशक रवि उदयावर ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'दो दीवाने सहर' के टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में बज रहे फिल्म 'घरौंदा' के मशहूर गाने 'दो दीवाने शहर में' से होता है। इसलिए, यह थोड़ा अनोखा है। टीजर की शुरुआत में मृणाल और सिद्धांत रोमांटिक अंदाज में नजर आते हैं, लेकिन टीजर के आखिर के कुछ सेकेंड में यह प्रेम कहानी दर्द के एहसास में बदलती दिखाई देती है। करीब 1 मिनट के टीजर में इसमें प्यार और दर्द दोनों को दिखाया गया है। निर्माताओं ने आज 'दो दीवाने सहर में' का टीजर शेयर किया। टीजर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'क्योंकि हर 'इस्क' परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। इस शहर की एक ऐसी ही अधूरी लेकिन पूरी प्रेम कहानी के साक्षी बनिए।' 'दो दीवाने सहर में' को अभिरुचि चंद ने लिखा और रवि उदयवार ने निर्देशित किया है। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्माण संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया और भंसाली प्रोडक्शंस के बैनर तले किया है। यह फिल्म 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं।



# पूरे वीक होगा महा मनोरंजन, थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई फिल्में और सीरीज...

**नई दिल्ली।** सोमवार 19 जनवरी से नए सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस वीक कई नई फिल्में थिएटर्स में रिलीज होंगी, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा 'बॉर्डर 2' की हो रही है। मगर, ओटीटी पर भी काफी कुछ खास आने वाला है। कई दिलचस्प फिल्में और सीरीज इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी। हम आपके लिए 19 से लेकर 25 जनवरी तक रिलीज होने वाले लेटेस्ट थ्रिलर की लिस्ट लेकर आए हैं, जिन्हें आप सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म तक आसानी से देख सकते हैं।

**गुस्ताख इश्क** : विजय वर्मा और फातिमा सना शेख अभिनीत फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 'गुस्ताख इश्क' 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म का निर्देशन विभु पुरी ने किया है। इसमें नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी जैसे सितारे भी हैं।

**तेरे इश्क में** : कृति सेनन और धनुष अभिनीत फिल्म 'तेरे इश्क में' बीते वर्ष नवंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है। अब इस सप्ताह यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। 'तेरे इश्क में' 23 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इस फिल्म में प्रकाश राज, प्रियांशु पैन्युली और तोता रॉय चौधरी जैसे सितारे हैं।

**मार्क** : कन्नड़ फिल्म मार्क भी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह फिल्म 25 दिसंबर, 2025 को रिलीज हुई थी। वहीं, अब यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 23 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध होगी। इस फिल्म में किच्चा सुदीप का लीड रोल है। उनके अलावा शाइन टॉम चाको, नवीन चन्द्र, विक्रांत और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

**स्पेस जेन : चन्द्रयान** - यह स्पेस साइंस ड्रामा सीरीज भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 23 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज के क्रिएटर अरुणाभ कुमार हैं। इसमें श्रिया सरन, गोपाल दत्त, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और दानिश सैत जैसे सितारे हैं।

**सिराई और इट्स नॉट लाइक दैट** : इसके अलावा तमिल क्राइम कोर्टरूम ड्रामा फिल्म भी इस सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में है। 23 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम होगी। वहीं अमेरिकी ड्रामा सीरीज 'इट्स नॉट लाइक दैट' की भी काफी चर्चा हो रही है, जो 25 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



## गुडलुक्स पर लड़कियां थीं फिदा, खून भरी मांग रही कॅरियर की यादगार फिल्म

# 80 के दशक में दर्शकों का दिल जीतने वाला विलेन

***नई दिल्ली।*** *70 और 80 के दशक में कई स्टार्स ऐसे आए जिन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और ये पहचान सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही सीमित नहीं रही बल्कि ये पहचान इंटरनेशनल लेवल तक गई। आज हम आपको एक ऐसे एक्टर की कहानी बताएंगे जो पर्दे पर हीरो बना तो विलेन बनकर भी उसने लोगों का दिल जीता। उसके गुडलुक्स पर लड़कियां फिदा थीं और यही वजह है कि निजी जीवन में उस एक्टर ने 4 बार शादियां कीं।*




### फिल्मों में आकर छा गए

16 जनवरी 1946 को पंजाब में हुआ था। कबीर बेदी को शुरू से ही एक्टर और मॉडल बनने का शौक था। लंबी कद-काठी वाले कबीर बेदी धीरे-धीरे मॉडलिंग की तरफ बढ़े और फिर हिंदी सिनेमा में आ गए। मॉडलिंग और विज्ञापनों में काम करते-करते कबीर बेदी को साल 1971 में पहली फिल्म हलचल में काम करने का मौका मिला और ये उनकी डेब्यू फिल्म बनी। इसके बाद वो साल 1973 में फिल्म कच्चे धागे में नजर आए और इस फिल्म से हिट हो गए। इस फिल्म के बाद वो कई फिल्मों में नजर आए। हालांकि ज्यादातर फिल्मों में वो विलेन बनकर ही दिखे। साल 1988 में रेखा के साथ आई फिल्म खून भरी मांग उनके कॅरियर की यादगार फिल्म रही है।

### हॉलीवुड में भी बनाई पहचान

कबीर बेदी सिर्फ हिंदी सिनेमा तक सीमित नहीं रहे। उनके लुक्स के चलते उन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया। इटली की टीवी सीरीज 'सैंडोकन' में भी उन्होंने काम किया। इस टीवी शो में वो समुद्री डाकू के किरदार में नजर आए। ये शो पूरे यूरोप में इतना हिट हुआ कि कबीर बेदी वहां के 'नेशनल हीरो' तक बन गए। इटली की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' से भी नवाजा। इसके अलावा उन्होंने जेम्स बॉन्ड के साथ भी काम किया। साल 1983 में वो बॉन्ड सीरीज का हिस्सा बने। इस फिल्म में उनके और रॉजर मूर (**Roger Moore**) के फाइट सीन्स की खूब चर्चा हुई। कबीर बेदी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने जेम्स बॉन्ड फिल्म में मेन विलेन 'गोबिंदा' का किरदार निभाने का मौका मिला था।



### 70 साल की उम्र में चौथी बार बने दूल्हा

तीन शादियां और एक गर्लफ्रेंड से रिश्ता टूटने के बाद कबीर बेदी की जिंदगी में दस्तक दी परवीन दुसांझ ने। परवीन और कबीर बेदी लंबे समय तक दोस्त रहे लेकिन अपने 70वें जन्मदिन से पहले कबीर ने परवीन दुसांझ को अपना हमसफर बना लिया और दोनों की इस शादी ने इंटरनेट पर खूब चर्चा बटोरी। बड़ी बात ये है कि कबीर से परवीन दुसांझ पूरे 30 साल छोटी हैं। जब परवीन और कबीर बेदी की शादी हुई तब परवीन की उम्र 45 वर्ष की थी। दोनों शादी से पहले करीब 10 साल तक रिलेशनशिप में रहे और फिर दोनों ने साल 2016 में शादी करके सबको चौंका दिया। कबीर बेटी की बेटी पूजा बेदी से भी उनकी चौथी बीवी छोटी हैं।

**3 बीवियों से हुए अलग, परवीन बाबी से जुड़ा नाम** : कबीर बेदी प्रोफेशनल से ज्यादा पर्सनल लाइफ के लिए चर्चा में रहे। साल 1969 में कबीर बेदी ने पहली शादी डांसर प्रोतिमा बेदी से की थी। इस शादी से दोनों को दो बच्चे पूजा बेदी और बेटा सिद्धार्थ हुए। इस शादी के कुछ वक्त बाद ही दोनों अलग हो गए। इसके बाद कबीर और प्रोतिमा के बेटे सिद्धार्थ ने खुदकुशी कर ली थी। इसके बाद प्रोतिमा भी एक हादसे में चल बसीं। इसके बाद कबीर बेदी का नाम एक्ट्रेस परवीन बाबी के साथ भी जुड़ा। हालांकि ये रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला। इसके बाद कबीर ने ब्रिटिश फैशन डिजाइनर सुसैन हम्फ्रेस से शादी कर ली। दोनों का एक बेटा भी हुआ, हालांकि ये शादी भी टूट गई। तीसरी शादी कबीर बेदी ने टीवी प्रेजेंटर निक्की से की।

## खबर संक्षेप



### अब तक 4.18 लाख एमटी धान की खरीदी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुव्यवस्थित व्यवस्था और निरंतर निगरानी के साथ सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी पंजीकृत धान उपार्जन केंद्रों में शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक कुल 4,18,532.36 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें 3,12,790.36 मीट्रिक टन पतला धान तथा 1,05,742.00 मीट्रिक टन सरना धान शामिल है। खरीदी किए गए धान के सुरक्षित भंडारण और परिवहन की दिशा में प्रभावी कार्यवाही करते हुए 2,56,244.14 मीट्रिक टन धान का सुरक्षित उठाव पूर्ण किया जा चुका है। वहीं 3,79,944.60 मीट्रिक टन धान के लिए डिलीवरी ऑर्डर डीओ भी जारी किए जा चुके हैं।

### दो चरणों में विशेष पंजीयन शिविर

**रायगढ़।** भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम.योगी मानधन योजना असंगठित श्रमिकों के लिए लागू की गई है। इस योजना में फेरी लगाने वाले, कचरा बिनने वाले, हमाल, रिक्षा चालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानीन, वनोपज में लगे श्रमिक, भूमिहीन श्रमिक, कृषि श्रमिक, मध्यान भोजन, रसोईयां, चमड़ा उद्योग, हाथ करघा उद्योग, मनरेगा, बीड़ी उद्योग में कार्यरत श्रमिकों को शामिल किया गया है। साथ ही अन्य समस्त असंगठित प्रवर्ग के श्रमिक शामिल हो सकते हैंए जिसकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य है। योजनांतर्गत जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम हो एवं ईपीएफओए ईएसआईसी या एनपीएस का सदस्य, आयकर दाता नहीं हो इस योजनांतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। 18 से 40 वर्ष आयु समूह के अनुरूप हितग्राहियों को 55 रुपए से 200 रुपए प्रतिमाह अंषदान जमा करना होगा।

### 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता परीक्षा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन 1 फरवरी को दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रायगढ़ जिले में प्रथम पाली में 30 परीक्षा केंद्र और द्वितीय पाली में 47 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन हेतु व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए है। जारी दिशा निर्देशित के अनुसार परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 2.00 घण्टे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुचना होगाए ताकि उनका मंडल के निर्देशानुसार फ्रिस्किंग भौतिक रूप से जांचद्ध तैनात महिला और पुरुष पुलिस कर्मी द्वारा और मूल फोटो युक्त पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। निर्देश के अनुसार पहचान पत्र की फोटोकॉपी या अन्य किसी साधन में सुरक्षित मान्य नही होगी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हैंडबॉल प्रतियोगिता में ...

टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया। स्पर्धा का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर एवं सरस्वती महाविद्यालय, अंबिकापुर के बीच खेला गया, जिसमें सरस्वती महाविद्यालय की टीम ने शुरुआत से ही मैच में अपनी पकड़ बनाए रखा और मैच को आसानी से जीतते हुए फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान एनईएस कालेज और पिछले बार की रनर अप रही श्री साईं बाबा महाविद्यालय, अंबिकापुर के मध्य खेला गया। यह मुकाबला कांटे का रहा, जिसमें मेजबान टीम ने जीत हासिल किया। एनईएस कालेज के क्रीड़ा अधिकारी मनोरंजन कुमार ने अपने धन्यवाद उद्बोधन में बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सरगुजा विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तरीय टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन करना था। एनईएस खेल मैदान में नया हैंडबॉल मैदान बनाया गया है। जिसमें अब इस खेल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रेक्टिस कर सकेंगे। जशपुर नगर में अब दोनों शासकीय महाविद्यालयों में हैंडबॉल के मैदान हो गए हैं।

## जैसे- जैसे पानी होते जाता है कम, वैसे ही बढ़ता है खेती का एरिया

# सूखी नदी की रेतीली जमीन पर हरी मोती चुन रहे किसान, चमक रही किस्मत





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर ब्लॉक के करीब 15 गांव के 10 हजार किसान सूखी नदी की रेतीली जमीन से हरी मोती चुन रहे हैं। यह सुनने में अटपटा जरुर लगता है, लेकिन उस नजारे की हकीकत तब सामने आती है जब आप पुसौर ब्लॉक के सूरजगढ़ में निर्मित प्रदेश के सबसे लंबी महानदी पुल से गुजरते हैं। कम होती पानी के बीच महानदी की सूखी धरती हरियाली की चादर ओढ़ लेती है। यह हरियाली घास और अन्य पौधों की नहीं , हरी सब्जियों की खेती है और यह हरी मोती कुछ और नहीं बल्कि तरबूज, मिर्च, बैंगन, आलू, टमाटर, गोभी और अन्य कई तरह की सब्जियां है। जिसकी खेती जैसे-जैसे महानदी का पानी कम होते जाती है वैसे-वैसे इसकी एरिया बढ़ती जाती है। मोटा-मोटी डेढ़ से दो सौ एकड़ में पुल के नीचे खेती होती है। अमूमन नदी के तटों पर बसे दो चार गांव के लोग एक दो एकड़ में साग-भाजी लगाते हैं, लेकिन सूरजगढ़ के महानदी पुल के नीचे वृहद खेती होती है। यहां की रेतीली जमीन में खेती कर लोग जीवन यापन करते हैं। आसपास के करीब 15 गांवों के लोग यहां साग- सब्जी की खेती करते हैं। दिसंबर के आखिरी में ही यहां खेती शुरु हो जाती है। जैसे महानदी का पानी कम होती है लोग नाव के सहारो उस पार जाते हैं और खेती की तैयारी करते हैं। इन किसानों को कृषि विभाग की बीज और महानदी से पानी खींचने के लिए पंप उपलब्ध कराता है। इससे किसानों को बिना खर्च खेती करने में मदद मिलती है।

**खास बात**

- 15 गांव के 10 हजार से अधिक लोग नदी के भीतर करते हैं खेती

**इन गांवों के लोग करते हैं खेती**

महानदी के तट पर करीब 25-30 गांव बसे हैं, लेकिन करीब 15 गांव के लोग यहां ज्यादा खेती करते हैं कारण उनका गांव महानदी से लगी हुई है। इसमें सूरजगढ़, पड़िगांव, खपरापाली, चंगोरा भांठा समेत अन्य गांव शामिल है। इन गांवों के लोग सुबह से ही वहां पहुंच जाते हैं और वहीं भोजन बनाकर खाते भी हैं। याने नाव के सहारे एक बार गए तो शाम को ही लौटते हैं।

**गर्मी भर यहां से आती है ताजी सब्जी**

बरसात से पहले यहां करीब पांच महीने लगातार ताजी सब्जियां आती है। चूंकि वृहद खेती करते हैं, ऐसे में रायगढ़ और आसपास के शहरों में यहां की सब्जी जाती है। ओड़िशा भी यहां की सब्जी जाती है। खुले बाजार के अलावा थोक मंडी में ज्यादा सब्जी यहां के किसान बिक्री करते हैं। जमीन रेतीली होने की वजह से ज्यादा समय तक नमी रहती है। इसके कारण पानी भी कम लगता है।

**डूबाकर उबारती है सरिता**

इस नदी के किनारे बसे करीब 21 गांवों की खेती बरसात के समय डूब जाती है। यह गांव केवल पुसौर ब्लॉक के हैं। सरिया ब्लॉक में भी दर्जन भर से अधिक गांव डूब जाती है। इन गांवों को यह नदी बरसात में डूबाती है तो गर्मी में उबारती भी है। यहां करीब 5-6 महीने खेती कर बारिस के समय हुए नुकसानी की भरपाई करते हैं।

महानदी तट के आसपास बसे करीब 15 गांव के लोग नदी की रेतीली जमीन में साग-सब्जी की खेती करते हैं। उनको कृषि विभाग की ओर से बीज और पंप उपलब्ध कराई जाती है।

**रोहित पटेल**
एसएसडीओ, पुसौर

### खोखसा फाटक में चलेगा गर्डर डि-लांचिंग का काम कई गाड़ियां रहेंगी प्रभावित

**रायगढ़।** मंडल के जांजगीर नैला.चांपा सेक्शनों के मध्य किमी 672/27.673/02 में स्थित समपार फाटक संख्या 343 खोखसा फाटक में गर्डर डि-लांचिंग का कार्य ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने गुजरने वाली कुछ गाडियां प्रभावित रहेंगी। 23 एवं 25 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली 68737 रायगढ़, बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर.रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी 2026 को रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़.बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 22 एवं 24 जनवरी 2026 को बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर.रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी 2026 को गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसी प्रकार 23 एवं 25 जनवरी को झारसुगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

## धान खरीदी केद्रों में नहीं कट रहा टोकन, किसानों ने घेरा कलेक्टोरेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के कई धान खरीदी केन्द्रों में टोकन नहीं कट रहा है।इससे किसान परेशान है। जिसे लेकर प्रभावित किसानों ने सोमवार को कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल और कई कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

प्रभावितों और कांग्रेसियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर धान बेचने के लिए टोकन जारी करवाने की मांग की है। प्रभावितों ने बताया कि कई किसानों का धान अभी भी खलिहानों में पड़ा हुआ है। जिससे धान खराब होने का डर है। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों का धान बेचने में समस्या आ रही है। जिसमें किसानों को पटवारी, तहसीलदार व सोसायटी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें धान नहीं बेच पाने की वजह से धान सही सलामत रखने में भी जगहों की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावितों ने बताया कि धान बेचने के लिये सत्यापन फॉर्म को जमा करने के बाद भी किसानों को धान बेचने के लिए टोकन जारी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर कांग्रेस नेताओं व किसानों ने धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने के लिए टोकन जारी करवाने की मांग की है।

**कांग्रेसियों ने किया किसानों का समर्थन**

**ट्रैक्टर लेकर कलेक्टोरेट पहुंचेंगे किसान**

पूर्व मंत्री व खरसिया विधायक उमेश पटेल का कहना है कि किसानों के धान की खरीदी अब 9 दिन मुश्किल से बचा है। केंद्रों में प्रबंधकों का कहना है कि टोकन नहीं काटना है खरीदी नहीं करना है। इससे खोखरा, ननसिया, नंदेली समेत अन्य गांव के किसान धान बेचने से बचे हुए हैं। जिनका टोकन नहीं कटा है उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी से इस समस्या को लेकर चर्चा हुई है। शाम तक समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया गया है। अगर समस्या दूर नहीं हुई, तो ट्रैक्टर के साथ किसान कलेक्टोरेट पहुंचेंगे।

**उपभोक्ता फोरम में सेवा में कमी पाए जाने पर कंपनी के खिलाफ सुनाया फैसला**

## वेकेशन प्लान खरीदने के बाद भी कंपनी ने यात्रा के लिए नहीं की बुकिंग, अब देना होगा हर्जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वेकेशन प्लान खरीदने के बाद भी नोएडा की शेरेटन हॉलिडेज इंटरनेशनल कंपनी द्वारा यात्रा के लिए बुकिंग नहीं करने पर आवेदिका ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग रायगढ़ का दरवाजा खटखटाया। आयोग द्वारा सेवा में कमी पाए जाने पर कंपनी को हर्जाना भरने का आदेश दिया गया है। पीड़िता की ओर से मामले की पैरवी अधिवक्ता शरद पाण्डेय व सुनवाई अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, सदस्य राजेंद्र कुमार पाण्डेय और राजश्री अग्रवाल ने की है।

आवेदिका योगिता चक्रधारी पति प्रमोद चक्रधारी एलआईजी जे 602 अटल आवास हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी कोतरारोड रायगढ़ में रहती है। उसने अपने सहपरिवार भ्रमण सम्बंधी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 15 फरवरी 2025 को शेरेटन हॉलिडेज कंपनी से वेकेशन ओवरशिप प्लान क्रय किया। जिसके लिए आवेदिका ने कंपनी को अपने एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 72 हजार का भुगतान किया। इसके बाद कंपनी की ओर से स्वागत पत्र मेम्बरशीप सर्टिफिकेट एवं मेम्बरशीप कार्ड नंबर भी जारी किया गया। उक्त योजना में सदस्यों के मांग के अनुरूप किसी भी मौसम में प्रतिवर्ष 6 रात्रि व 7 दिवस की छुट्टी के लिए सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था सहित पिंक एंड ड्राप एवं प्रत्येक दिन सौजन्य स्वल्पाहार की सुविधा भी प्रदान की जानी थी। उक्त योजना में 5 वर्ष में 35 दिनो के लिए जिसे विशेष ऑफर के तहत कंपनी की ओर से दो अतिरिक्त वर्ष 14 दिन के लिए बढ़ाते हुए सदस्यता प्रदान की गयी थी। आवेदिका अपने परिवार सहित उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए 1 सितम्बर को पहुंचकर 2 सितम्बर 2025 को वापसी थी। ऐसे में 5 अगस्त को आवेदिका ने कंपनी के ई.मेल पर अपने मेम्बरशीप नंबर सहित रिक्वेस्ट भेजीए तब कंपनी द्वारा बुकिंग पॉलिसी का हवाला देकर जानकारी दी गई कि घरेलु यात्रा के लिए 15 दिन पूर्व सूचना आवश्यक है और 14 अगस्त के बाद मेल करने को कहा गया। आवेदिका द्वारा 17 अगस्त को यात्रा विवरण सहित प्रेषित किया जिसके उत्तर में बुकिंग रिक्वेस्ट नोट कर ली गई। इसके बाद कंपनी द्वारा कहा गया कि वांछित दिनांक को ठहरने के उपयुक्त विकल्प प्राप्त कर आवेदिका से शीघ्र ही सम्पर्क किया जाएगा। आवेदिका द्वारा 27 अगस्त को अंतिम प्रयास के रूप में एक मेल प्रेषित किया गया कि यदि हॉटल बुक करने में कंपनी असक्षम है तो 28 अगस्त तक स्पष्ट कर दे ताकि स्वयं के व्यय पर ठहरने की अग्रिम व्यवस्था कर सकें। उल्लेखित आई डी पर मेल किया गया नॉट फाउड प्रदर्शित होने लगा। तब आवेदिका द्वारा प्रेषित नोटिस मिलने के बाद भी कंपनी द्वारा शिकायत का समाधन नहीं किया। ऐसे में उसने आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग ने कंपनी को आवेदिका को 45 दिन के भीतर जमा की गई राशि 72 हजार , मानसिक, आर्थिक क्षति के रूप में 15 हजार व वाद व्यय 5 हजार रुपए देने का फैसला सुनाया है।




### फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण की बिक्री पर रोक

**रायगढ़।** औषधि नमूना जांच के दौरान अमानक पाए जाने पर श्री फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। फास्टेक शुगर नाशक चूर्ण, बैच नंबर 114, निर्माण तिथि 05/24 एवं एक्सपायरी तिथि 05/26 का नमूना परीक्षण हेतु संग्रहित किया गया था। जिसके बाद उक्त दवा का नमूना दिनांक 17 जनवरी को संकलित कर परीक्षण के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला एवं अनुसंधान केंद्रए रायपुर भेजा गया। परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार उक्त नमूने में एलोपैथी औषधि की मिलावट पाई गईए जो आयुष औषधियों के मानकों के अनुरूप नहीं है।

## चेक पोस्ट में ड्यूटी से गायब हो गया सचिव, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

अवैध धान परिवहन पर रोकथाम के लिए अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बरमकेला ब्लॉक के अमलीपाली में गिरजानंद पटेल ग्राम पंचायत सचिव की डयूटी लगाई गई थी।

तहसीलदार और नायब तहसीलदार बरमकेला एवं मंडी उपनिरीक्षक बरमकेला के द्वारा संयुक्त रूप से 21 दिसम्बर को रात करीब 11 बजे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गिरजानंद पटेल ग्राम पंचायत सचिव अपने कर्तव्य स्थल से गायब थे। 22 दिसंबर को तहसीलदार बरमकेला के द्वारा गिरजानंद पटेल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, जिसका जवाब गिरजानंद पटेल के द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया।

गिरजानंद पटेल ग्राम पंचायत सचिव को जिला पंचायत कार्यालय द्वारा 8 जनवरी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया, जिसमें 03 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। गिरजानंद पटेल ने 12 जनवरी को कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर प्रस्तुत किया है, जो समाधानकारक नहीं पाया गया और उनके द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन उचित ढंग से नहीं किया गया, अपने कर्तव्य के प्रति घोर उदासीनता, लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना किया गया जो छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के विपरीत है।

**खास बात**

- अवैध धान परिवहन पर रोकथाम के लिए लगाए ड्यूटी में लापरवाही कर्मचारी को पड़ा भारी

### दंतेल का आतंक, ग्रामीणों की नींद गायब

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के नुआगांव ब्लॉक में पहले से ही दंतेल हाथी के उत्पात से लोग त्रस्त हैं और अब बणाई क्षेत्र में भी हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। दंतेल हाथी की गतिविधियों ने ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा दी है और क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेल हाथी बणाई, तामड़ा और बांकी वन रेंज में दिन के समय जंगलों में विचरण करता है। इस दौरान वह पेड़ों की डालियां तोड़कर अपना भोजन करता है, लेकिन जैसे ही रात होती है, वह जंगल छोड़कर आसपास के गांवों में घुस आता है।

## बढ़ती वारदातों से पुलिस के माथे पर शिकन, कमी पर चिंतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सोमवार को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियोंए थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रमुखों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2026 में जिले की पुलिसिंग को लेकर अपनी स्पष्ट कार्ययोजना प्रस्तुत की। क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने अपराधों की शीर्षवार समीक्षा करते हुए शरीर संबंधी अपराधए संपत्ति संबंधी अपराध, चाकूबाजी, महिला अपराध एवं साइबर अपराधों में गत वर्ष की तुलना में हुई बढ़ोतरी तथा उसके कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संपत्ति संबंधी अपराधों में कमी लाने के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत करनेए थाना क्षेत्रों में बसे संदिग्ध व्यक्तियों की नियमित जांच तथा सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराधों की गहन समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने इन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। सड़क दुर्घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हरसंभव प्रयासों से मृत्यु दर में कमी लाई जाए। समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि पूंजीपथराए जूटमिल और खरसिया क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जबकि पुसौर, भूपदेवपुर और छाल थाना क्षेत्रों में दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। इस पर जिला नोडल अधिकारी डीएसपी ट्रैफिक एवं संबंधित थाना प्रभारियों को बीते तीन वर्षों के डाटा का विश्लेषण कर दुर्घटना जन्य स्थलों की पुनः रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

**भीड़भाड़ इलाकों पर पुलिस की रहेगी निगरानी**

बैठक में एसपी ने विजुअल पुलिसिंग को और प्रभावी रूप से लागू किए जाने पर जोर देते हुए प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की सतत मौजूदगी रखने के निर्देश दिए और सभी थाना क्षेत्रों में नियमित पैदल गश्त, मोबाइल पेट्रोलिंग और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि जिले में सामुदायिक पुलिसिंग जिसमें थाना क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम, जागरूकता अभियानों के माध्यम से पुलिस सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याएं सुन रही है और समाधान की दिशा में तत्परता दिखा रही है, इसे जारी रखा जाए।

## ट्रैफिक मितान और पुलिस को दी गई फर्स्ट एड की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

स्वास्थ्य विभाग एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में जिले के ट्रैफिक मितान एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार फर्स्टएड का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा दुर्घटना की प्रकृति के अनुसार प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने सड़क दुर्घटना, सर्पदंश, पानी में डूबने, विद्युत करंट लगने, जहर सेवन जैसे मामलों में मौके पर दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार के तरीकों को समझाया। साथ ही हार्ट अटैक की स्थिति में मरीज को तत्काल सीपीआर देने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई, जिससे आपात स्थिति में प्रारंभिक इलाज मौके पर ही संभव हो सके। वर्तमान में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण में रोड एक्सीडेंट के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव, फ्रैक्चर अथवा गंभीर चोट की स्थिति में घायल को सुरक्षित व स्थिर रखते हुए अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त